सिंगापुर, सीआईआई एवं एमपी के बीच एमओयू

इंदौर(आरएनएन। प्रदेश सरकार ने कारोबार के लिए अनुकूल और बेहतर वातावरण बनाने की दिशा में नया कदम उठाया है। व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सहज करने की दिशा में बढ़ाये कदम के लिए सीआईआई एवं एलकेवाय स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी सिंगापुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। अब इज ऑफ डुइंग बिजनेस के लिए नया मास्टर प्लान- विजन 2020 बनाया जाएगा। इस करार के अंतर्गत मप्र सरकार, एलकेवाय एसएसपी के सहयोग से राज्य में कारोबार करने में सहजता से संबंधित मुद्दों एवं क्षमता निर्माण के लिए एक संयुक्त अनुसंधान का संचालन करेगी।

■ **आसान कारोबार प्रक्रिया के लिए बनेगा मास्टर प्लान विजन-2020**

मप्र सरकार ने एलकेवाय स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी सिंगापुर, एशियन काम्पटिटीनेस इंस्टीट्युट, नेशनल युनिवर्सिसिटी ऑफ सिंगापुर और सीआईआई के साथ इज ऑफ डुइंग बिजनेस के लिए बनेगा नया मास्टर प्लान- विजन 2020 बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया। वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में प्रोफेसर टान कुंग यान को- डायरेक्टर एलकेवायएसएसपी, मप्र सरकार के वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मुहम्मद सुलेमान और सीआईआई के मप्र स्टेट कौंसिल के अध्यक्ष गिरीश मंगला ने करार पर हस्ताक्षर किए।